# कभी छूटे ना तेरा द्वारा श्याम भजन लिरिक्स

तुमसे है ज़िन्दगी मेरी,
तू ही मेरा सहारा,
कभी छूटे ना तेरा द्वारा,
कभी छूटें ना तेरा द्वारा।bd।

---

मैं कितना किस्मत वाला हूँ,
श्याम तेरा दरबार मिला,
सोचा नहीं मैंने जितना,
उतना तेरा प्यार मिला,
तेरी कृपा के बिन बाबा,
होता नहीं गुज़ारा,
कभी छूटें ना तेरा द्वारा।bd।

---

सुख हो चाहे दु:ख हो बाबा,
होता है एहसास तेरा,
तुम जो साथ नहीं होते तो,
जाने क्या होता मेरा,
पाया है सामने तुमको,
जब भी तुम्हे पुकारा,
कभी छूटें ना तेरा द्वारा।bd।

---

मीठा बोले सामने मेरे,
पीठ के पीछे वार करें,
कहने को सब ही अपने है,
मतलब का व्यापार करें,
तेरा ‘सचिन’ नहीं समझे,
दुनिया का खेल सारा,
कभी छूटें ना तेरा द्वारा।bd।

---

तुमसे है ज़िन्दगी मेरी,
तू ही मेरा सहारा,
कभी छूटे ना तेरा द्वारा,
कभी छूटें ना तेरा द्वारा।bd।

**Singer – Sanjay Soni**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com